संपादक :- रंजीत सिंह

RNI No-UPHIN/2001/03844

साप्ताहिक

# राष्ट्रीय मानवाधिकार

संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com



वर्ष : 26 अंक : 05 मेरठ, मंगलवार, 26 मई 2026 पृष्ठ: 04 मूल्य : एक रूपया

# कर संग्रह बढ़ाने के साथ ईमानदार व्यापारियों को मिले सुविधा, सम्मान और त्वरित समाधान: योगी

» एजेंसी । लखनऊ



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य कर विभाग को निर्देश दिए हैं कि कर संग्रह बढ़ाने के साथ-साथ ईमानदार व्यापारियों को सुविधा, सम्मान और त्वरित समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने में राज्य कर विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और विभाग को राजस्व वृद्धि के साथ विश्वास आधारित प्रशासन का मॉडल प्रस्तुत करना होगा।

मुख्यमंत्री सोमवार को राज्य कर विभाग के शासन, मुख्यालय और फील्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ विशेष बैठक कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कर प्रणाली को अधिक सरल, डिजिटल और जवाबदेह बनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जीएसटी पंजीयन, रिटर्न दाखिले, अपील निस्तारण और रिफंड जैसी प्रक्रियाओं में अनावश्यक देरी समाप्त होनी चाहिए। उन्होंने व्यापारियों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने, छोटे कारोबारियों को जागरूक करने तथा जिला एवं खंड स्तर तक करदाता सहायता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर कर चोरी रोकने के साथ-साथ वैध व्यापार को प्रोत्साहन देना आवश्यक है।

बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य ने जीएसटी और वैट मद में कुल 1,15,977 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया, जो पुनरीक्षित अनुमान का लगभग 98.8 प्रतिशत रहा। जीएसटी में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर रहा, जबकि महाराष्ट्र प्रथम और कर्नाटक तीसरे स्थान पर रहे। बैठक में यह भी बताया गया कि जीएसटी बकाया के रूप में 2658 करोड़ रुपये जमा हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 228 प्रतिशत अधिक हैं। वहीं वैट बकाया के रूप में 800 करोड़ रुपये की वसूली हुई, जो गत वर्ष से 29 प्रतिशत अधिक है। प्रवर्तन इकाइयों के माध्यम से 2071 करोड़ रुपये की वसूली की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक रही। अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभाग को कुल 1,98,071 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया है, जिसमें जीएसटी का लक्ष्य 1,49,956 करोड़ रुपये तथा वैट का लक्ष्य 48,115 करोड़ रुपये है। अप्रैल 2026 में राज्य ने 10,896 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 9.6 प्रतिशत अधिक है।

जोनवार समीक्षा में बताया गया कि अप्रैल 2026 में राज्य के अधिकांश जोनों में राजस्व वृद्धि दर्ज की गई। गौतमबुद्ध नगर जोन ने 1506 करोड़ रुपये के संग्रह के साथ 18 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की, जबकि गत वर्ष इसी अवधि के सापेक्ष इस वर्ष सहारनपुर जोन में 35.1 प्रतिशत और वाराणसी प्रथम जोन में 33.2 प्रतिशत वृद्धि रही। मुरादाबाद जोन ने भी अप्रैल 2025 के सापेक्ष अप्रैल 2026 में अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की। मुख्यमंत्री ने अपेक्षाकृत कम प्रदर्शन वाले जोनों को विशेष कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं फील्ड में उतरें, व्यापारियों से संवाद करें।

मुख्यमंत्री ने फर्जी फर्मों और कर चोरी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि बोगस फर्मों के खिलाफ 477 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई तथा 168 गिरफ्तारियां की गईं। 7 नवंबर 2025 को एसआईटी का गठन किया गया। 180 करोड़ रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट ब्लॉक की गई तथा न्यायनिर्णयन कार्रवाई से 2250 करोड़ रुपये की मांग सृजित हुई।

## पेट्रोल-डीजल के दामों में चौथी बढ़ोत्तरी जनता की जेब पर हमला : राहुल



» एजेंसी । नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार चौथी बार बढ़ोतरी पर केंद्र सरकार पर लोगों की जेब काटने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार चुनाव के बाद लगातार ईंधन की कीमतें बढ़ाकर जनता पर बोझ डाल रही है। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा कि महंगाई मानव का फिर से हमला हुआ है। पेट्रोल-डीजल के दाम किश्तों में बढ़ाए जाते हैं, ताकि चुपके-चुपके जनता की जेब कटती रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि महीनों से वे आर्थिक तूफान आने की चेतावनी दे रहे थे लेकिन प्रधानमंत्री चुनाव में व्यस्त रहे और चुनाव खत्म होते ही पेट्रोल-डीजल आठ रुपये महंगा कर दिया। उन्होंने कहा कि यह बढ़ोतरी आगे भी जारी रहेगी और मोदी सरकार का एक ही काम है, चुनाव में वादे करना और बाकी समय जनता की जेब पर वार करना। बीते एक महीने में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी की कीमतों में लगातार चौथी बार बढ़ोतरी हुई है। 25 मई को दिल्ली में पेट्रोल 102.12 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर हो गया। इससे पहले 23 मई को पेट्रोल में 87 पैसे और डीजल में 91 पैसे की बढ़ोतरी हुई थी, जिसके बाद पेट्रोल 99.51 रुपये और डीजल 92.49 रुपये प्रति लीटर हो गया। 18 मई को भी पेट्रोलियम पदार्थों में बढ़ोत्तरी की गई थी। तब पेट्रोल और डीजल में लगभग 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई थी और सीएनजी भी एक रुपये प्रति किलो महंगी हुई थी। उससे पहले 15 मई को पेट्रोल और डीजल में तीन-तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई थी, इसी दिन सीएनजी भी दो रुपये प्रति किलो महंगी हुई थी।

## गंभीर बीमारों को आर्थिक सहायता में संवेदनशीलता बरतें: केशव प्रसाद मौर्य

» एजेंसी । लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि गंभीर रूप से बीमारों की आर्थिक सहायता में संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सोमवार को जनता दर्शन के दौरान पीड़ितों से मिलने के बाद ये निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही सर्वोपरि धर्म है। उप मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर जनता में विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेरा काम ही जनता की सेवा करना है। जनता की समस्याओं का समाधान मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सहारनपुर, उन्नाव, बरेली, बदायूं, कौशांबी व अलीगढ़ से डीएम से बात कर जमीन, राजस्व और विकास कार्यों से जुड़े मामलों का तुरंत निपटारा करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस आयुक्त गाजियाबाद, एसएसपी झांसी व रायबरेली को निर्देशित किया कि पीड़ितों को न्याय दिलाने में कोई ढिलाई न बरती जाए। जमीन के विवादों और पैमाइश से जुड़े मामलों को लेकर उन्होंने आयुक्त चकबंदी से भी सीधे फोन पर वार्ता की और त्वरित विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए।

## आम जनों के लिए हालात बद से बदतर होते जा रहे : अजय

» एजेंसी । लखनऊ

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कहा कि आम जनता के लिए हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। वह कांग्रेस के राज्य मुख्यालय में लोकतंत्र के प्रहरी व्याख्यान श्रृंखला के दूसरे भाग के आयोजन में बोल रहे थे। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. रूपरेखा वर्मा थीं। प्रो. वर्मा ने कहा कि सामाजिक न्याय हमारे संविधान की प्रस्तावना में है। मनुष्य ने हजारों साल के विकास में लोकतंत्र जैसी सामाजिक व्यवस्था को स्थापित किया जो सामाजिक विकास की नींव बनी। आजाद भारत में निरंतर हमने लोकतांत्रिक और सामाजिक मूल्यों को मजबूत किया, लेकिन 2014 के बाद एक ऐसी सरकार आई जिसने इन मूल्यों को उत्तरोत्तर कमजोर करना शुरू कर दिया।

## भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत, डर नहीं विश्वास जरूरी: निर्मला

» एजेंसी । नई दिल्ली



वित्त मंत्री सीतारमण ने सोमवार को कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बीच भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत बनी हुई है और कुछ लोग भारत में डर फैलाने की कोशिश कर रहे हैं और इससे जनता का विश्वास कम होता है। उन्हें ऐसा करने के बजाय लोगों में विश्वास पैदा करना चाहिए।

सिडबी के फाउंडेशन डे कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने भारत की आर्थिक प्रगति के बारे में "निराशावादी और संशयवादी दृष्टिकोण" फैलाने वालों पर निशाना साधते हुए कहा कि यह आम नागरिकों की उपलब्धियों और योगदानों को अनुचित रूप से नजरअंदाज करता है। उन्होंने आगे कहा कि सभी हाई-फ्रीक्वेंसी इंडीकेटर्स दिखाते हैं कि घरेलू मांग मजबूत बनी हुई है। सितंबर 2025 में दरों में कटौती के बावजूद जीएसटी संग्रह मजबूत बना हुआ है, जबकि खुदरा, कृषि और एमएसएमई क्षेत्रों में वाहन बिक्री और ऋण वृद्धि स्वस्थ बनी हुई है। सीतारमण ने सीआईआई के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि सितंबर 2025 में निजी क्षेत्र के व्यय में सालाना आधार पर 67 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि मार्च तिमाही में कंपनियों का लाभ मार्जिन अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

हालांकि, उन्होंने कहा कि मध्य पूर्व में जारी संघर्ष से ईंधन की ऊंची कीमतों, शिपिंग लागत में वृद्धि और निर्यात में व्यवधान के माध्यम से भारत की अर्थव्यवस्था पर दबाव पड़ सकता है, हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की व्यापक आर्थिक बुनियाद मजबूत बनी हुई है। सीतारमण ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव व्यवसायों के कार्यशील पूंजी चक्र को प्रभावित कर सकता है और निर्यात ऑर्डर को लेकर अनिश्चितता पैदा कर सकता है।

उन्होंने स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक (सिडबी) और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के बीच एक को-लेंडिंग प्लेटफॉर्म सहित कई एमएसएमई-केंद्रित उपायों की घोषणा की, जिसका उद्देश्य ऋण पहुंच का विस्तार करना है। उन्होंने बताया कि सरकार ने सीजीटीएमएसई योजना के तहत एक विशेष माइक्रो क्रेडिट कार्ड शुरू किया है, जिससे उद्यम पोर्टल में पंजीकृत एमएसएमई 5 लाख रुपए तक के बिना गारंटी वाले ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

## बिजली पर दिखावटी चिट्ठी लिखने वालों को नहीं देंगे टिकट: अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिजली कटौती को महा विद्युत आपदा नाम दिया है। उन्होंने कहा है कि बिजली कटौती से लोगों में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। दिखावटी चिट्ठी लिखकर कुछ विधायक व सांसद बचना चाहते हैं, लेकिन ऐसे लोगों को सपा टिकट नहीं देगी। सपा मुखिया ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखते हुए कहा है कि भाजपाई विधायक व सांसद दिखावटी चिट्ठी लिखकर खुद को बचाना चाह रहे हैं, दरअसल ये भाजपा को छोड़कर विपक्ष से आगामी चुनावों में टिकट पाने के लिए 'आवेदन पत्र' है। हमारे गठबंधन में ऐसे नेताओं के लिए कोई जगह नहीं है, जो जनता को दुख-दर्द और दिक्कतों के सिवा कुछ नहीं देते हैं। इस जानलेवा गर्मी में परिवारों में बड़े बुजुर्गों, बीमारों, बच्चों और खाने-पानी की व्यवस्था में झुलसती महिलाओं की क्या दुर्दशा हो रही है, ये केवल परिवारवाले ही समझ सकते हैं।

## सम्पादकीय

### एक और मिल्खा सिंह

एक प्रेरक कहावत है कि सुबह जिसकी हुई, सचमुच वो सारी रात नहीं सोया होगा। आज जब हम पंजाब के पुत्र गुरिंदरवीर सिंह की रिकॉर्ड तोड़ कामयाबी की बात कर रहे हैं तो हमें इस मुकाम तक पहुंचने के उसके संघर्ष को भी याद करना चाहिए। कोई भी कामयाबी रातों-रात नहीं मिलती। महज 10.09 सेकंड में सौ मीटर की रेस पूरी करने वाले गुरिंदरवीर सिंह ने, निस्संदेह नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर देशवासियों को गर्व करने का मौका दिया है। निर्विवाद रूप से उनके भारत के सबसे तेज धावक बनने की कहानी महज चंद घड़ियों की बदौलत नहीं नापी जा सकती। गांव की धूल से भरी सड़कों में उनका अभ्यास, प्रशिक्षण मैदानों में पसीने के साथ थका देने वाला सफर और संसाधन के अभावों से जूझकर ही वे इस मुकाम तक पहुंचे हैं। वहीं इस कामयाबी में उनके परिवार का खामोश त्याग भी शामिल है, जो उनकी कामयाबी के बाद ही सुर्खियों में नजर आ पाया है। जालंधर के निकट स्थित पटियाल गांव के स्प्रिंट किंग गुरिंदरवीर सिंह ने रांची में फेडरेशन कप में जब सौ मीटर की दौड़ 10.09 सेकेंड में पूरी की तो इस मुकाम तक पहुंचने वाले वे पहले भारतीय थे। एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना। इस इतिहास को रचकर गुरिंदरवीर सिंह देश के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों में शामिल हो गए हैं। इस सफलता का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि इस कामयाबी के बाद वे स्वतः ही राष्ट्रमंडल खेलों में खेलने के हकदार हो गए हैं। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में एक और पदक जीतने की उम्मीद फिर से जगा दी है। उल्लेखनीय है कि स्प्रिंट किंग गुरिंदरवीर का सौ मीटर की दौड़ पूरी करने का यह समय इस सीजन में एशिया का दूसरा सबसे तेज समय है। वे जापान के फुकुतो कोमुरो से महज .01 सेकेंड ही पीछे रहे हैं। विश्वास करना चाहिए कि भविष्य में गुरिंदरवीर सिंह नये मुकाम हासिल करेंगे। यह विरोधाभास ही है कि जब कोई खिलाड़ी रिकॉर्ड कामयाबी हासिल करता है तो हम उसे पलक-पावड़ों पर बैठा देते हैं। मान-सम्मान और पुरस्कार देते हैं। लेकिन यदि छोटी उम्र में ही प्रतिभा को पहचान करके उसे पर्याप्त संसाधन व प्रशिक्षण प्रदान करें तो देश में कई गुरिंदरवीर तैयार हो सकते हैं। गुरिंदरवीर सिंह की इस कामयाबी के पीछे कई प्रेरणादायक कहानियां भी निहित हैं। उनका मानवीय पहलू हमारे समाज की सकारात्मक ऊर्जा को दर्शाता है। उनके पिता ने अपने बेटे को दौड़ के अभ्यास हेतु भेजने के लिये किश्तों में एक पुराना स्कूटर खरीदा था। जो बताता है कि एक तरफ क्रिकेट खिलाड़ियों पर लाखों-करोड़ों वारे जाते हैं तो दूसरी ओर परंपरागत खेलों से जुड़े खिलाड़ियों का संघर्ष कितना बड़ा है।

# हरित विकास और पर्यावरण संरक्षण की ऐसी पहलें भविष्य के स्वच्छ भारत की मजबूत नींव हैं: डीएम

» संवाददाता

गाजियाबाद। पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और स्वच्छता को बढ़ावा देने की दिशा में दुहाई टोल प्लाजा इंटरचेंज एक नई मिसाल बनकर उभर रहा है। सोमवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे (एनई-2) स्थित दुहाई टोल प्लाजा इंटरचेंज का निरीक्षण कर वहां विकसित की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान टोल प्लाजा परिसर में विकसित हरित क्षेत्र, स्वच्छता व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी पहलों को देखकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों की सराहना की।



जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कहा कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच इस प्रकार की हरित और पर्यावरणीय पहलें भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, हरियाली और आधुनिक प्रबंधन व्यवस्था का यह मॉडल अन्य स्थानों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन सकता है। निरीक्षण के दौरान सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र मियावाकी पद्धति से विकसित किया गया नेटिव डेंस फॉरेस्ट रहा। अधिकारियों ने जिलाधिकारी को बताया कि इस पद्धति से लगाए गए पौधे पारंपरिक वृक्षारोपण की तुलना में लगभग 10 गुना तेजी से बढ़ते हैं और 30 गुना अधिक घने होते हैं। यह वन क्षेत्र न केवल हरियाली बढ़ाने में मदद कर रहा है, बल्कि जैव विविधता को भी मजबूत बना रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में इस प्रकार के हरित क्षेत्र ध्वनि और धूल अवरोधक के रूप में बेहद प्रभावी साबित होते हैं।

साथ ही यह पक्षियों और अन्य जीवों के लिए प्राकृतिक आवास विकसित करने में भी सहायक हैं। परियोजना के अंतर्गत लगभग 26.39 एकड़ भूमि पर करीब 1 लाख 63 हजार 305 पौधों का रोपण किया गया है। इनमें फलदार और छायादार प्रजातियों के पौधे शामिल हैं। प्रमुख पौधों में नीम, अर्जुन, जामुन, कचनार, अमरूद, करंज, शहतूत, अशोक, आम, कदंब, इमली और चाइनीज फैन पाम जैसी प्रजातियां शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बांस से निर्मित क्रैश बैरियर का भी अवलोकन किया। यह तकनीक राष्ट्रीय राजमार्गों पर पारंपरिक स्टील क्रैश बैरियर के विकल्प के रूप में विकसित की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि बांस आधारित ये बैरियर यूरोपीय सुरक्षा मानकों के अनुरूप तैयार किए गए हैं और भारत में पेटेंट भी किए जा चुके हैं। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कहा कि बांस आधारित क्रैश बैरियर पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से बेहद उपयोगी हैं। इनके उपयोग से निर्माण लागत में लगभग 20 प्रतिशत तक कमी आने की संभावना है।

# बढ़े बिटूमिन्स दाम विकास की रफ्तार नहीं रोकेंगे, हर हाल में होंगे निर्माण कार्य: नगर आयुक्त



» संवाददाता

गाजियाबाद। शहर के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की रुकावट न आने देने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन ने अब सख्त रुख अपना लिया है। सोमवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निर्माण विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों के साथ विशेष बैठक कर शहर में लंबित और प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में नगर आयुक्त ने साफ निर्देश दिए कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के चलते बिटूमिन्स की बढ़ी कीमतें शहर के विकास में बाधा नहीं बननी चाहिए और सभी निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से तेजी के साथ शुरू किए जाएं। बैठक में वायु गुणवत्ता सुधार, 15वें वित्त आयोग और अवस्थापना निधि से जुड़े लगभग 160 करोड़ रुपये की लागत वाले 85 विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शुरू करने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने कहा कि शहर हित और जनहित सर्वोपरि हैं और विकास कार्यों में किसी भी तरह की देरी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर आयुक्त ने कहा कि वर्तमान समय में अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और ईरान युद्ध के प्रभाव के कारण बिटूमिन्स के दामों में वृद्धि हुई है, लेकिन इसका असर शहर के विकास कार्यों पर नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने ठेकेदारों को स्पष्ट संदेश दिया कि जिन फर्मों को वर्क ऑर्डर जारी हो चुके हैं, वे बिना देरी किए निर्माण कार्य शुरू करें।

बैठक के दौरान नगर निगम की भुगतान प्रक्रिया को लेकर भी चर्चा हुई। नगर आयुक्त ने ठेकेदारों को भरोसा दिलाया कि नगर निगम समय-समय पर भुगतान प्रक्रिया को सरल और बेहतर बना रहा है।

## अनन्या और ध्रुव ने साइंस ओलंपियाड में सिल्वर मेडल जीता

» संवाददाता

गाजियाबाद। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से आयोजित एसओएफ ओलंपियाड परीक्षा 2025-26 में गाजियाबाद के छात्रों ने शानदार सफलता हासिल की है। गुरुकुल-द स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा अनन्या तिवारी ने इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड तथा सेंट टेरेसा स्कूल, इंदिरापुरम के 11वीं के छात्र ध्रुव शर्मा ने इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड (आईसीओ) में अंतरराष्ट्रीय रैंक दो प्राप्त कर सिल्वर मेडल एवं सर्टिफिकेट ऑफ आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस हासिल किया।

## गाजियाबाद रॉयल्स ने गाजियाबाद नाइट्स को हराया

» संवाददाता

गाजियाबाद। नंदग्राम स्थित दीवान क्रिकेट मैदान पर चल रही लीजेंड्स प्रीमियर लीग में सोमवार को गाजियाबाद रॉयल्स और गाजियाबाद नाइट्स के बीच मैच खेला गया। मैच में गाजियाबाद रॉयल्स ने 168 रन से जीत हासिल की। गाजियाबाद रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 293 रन का विशाल स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गाजियाबाद नाइटस मात्र 125 रन पर ही ढेर हो गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सिद्ध चौधरी को दिया गया।

## बदमाशों ने एक व्यक्ति का आईफोन चोरी किया

» संवाददाता

गाजियाबाद। बदमाशों ने एक व्यक्ति का आईफोन चुरा लिया। बिजनौर के नजीबाबाद स्थित आदर्श नगर निवासी स्नेह चंद्रा ने पुलिस को बताया कि 22 मई की रात करीब 9:40 बजे शक्ति खंड-3 क्षेत्र से उनका आईफोन चोरी हो गया। पता चलते ही एप्पल के फाइंड माई फीचर के जरिए अपने फोन को ट्रैक किया तो लोकेशन लोनी के इकराम नगर स्थित एक मोबाइल की दुकान की मिली।

# बूथ कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़, उनकी मेहनत तय करती है चुनावी जीत : डॉ. मनोज गोयल

» संवाददाता

गाजियाबाद। संगठन की मजबूती को लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए सोमवार को कौशांबी के शक्ति केंद्र 16 और 17 की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में पूर्व महानगर उपाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कार्यों की बारीकियों से अवगत कराते हुए बूथ स्तर तक मजबूत नेटवर्क तैयार करने का आह्वान किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति तथा उनकी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान डॉ. मनोज गोयल ने कहा कि किसी भी राजनीतिक संगठन की वास्तविक शक्ति बूथ स्तर पर कार्य करने वाले समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने कहा कि जब बूथ मजबूत होगा, तभी संगठन मजबूत होगा और जनता का विश्वास भी लगातार बढ़ेगा। डॉ. मनोज गोयल ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से नियमित जनसंपर्क बनाए रखने, क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने और संगठन की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता केवल चुनाव के समय सक्रिय न रहें, बल्कि समाज के हर सुख-दुख में लोगों के साथ खड़े रहें। यही एक सच्चे जनप्रतिनिधि और मजबूत संगठन की पहचान होती है। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। डॉ. मनोज गोयल ने बूथ अध्यक्षों को संगठनात्मक जिम्मेदारियों के साथ-साथ अनुशासन, समर्पण और टीम भावना का महत्व भी समझाया। उन्होंने कहा कि संगठन में प्रत्येक कार्यकर्ता का योगदान समान रूप से महत्वपूर्ण होता है और सभी को मिलकर लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्य करना चाहिए। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में लंबे अनुभव रखने वाले डॉ. मनोज गोयल की कार्यशैली को लेकर कार्यकर्ताओं में खास उत्साह दिखाई दिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि डॉ. गोयल हमेशा जमीनी स्तर पर सक्रिय रहते हैं और आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं। उनकी सरलता, मिलनसार स्वभाव और संगठन के प्रति समर्पण उन्हें कार्यकर्ताओं के बीच लोकप्रिय बनाता है।

# सफाई कर्मचारियों ने कलक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

» संवाददाता

बिजनौर। वाल्मीकि समाज ने संविदा पर तैनात सफाई कर्मियों को स्थायी करने की मांग को लेकर कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि अगर 2027 के चुनाव से पहले सफाई कर्मचारियों को स्थायी न किया गया तो सफाई कर्मचारी प्रदेश सरकार का विरोध करेंगे साथ ही प्रदेश में समस्त नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायतों में हड़ताल की चेतावनी दी। सोमवार को कलक्ट्रेट में प्रदर्शन के दौरान ठेका प्रथा बंद करने और संविदा पर तैनात सफाई कर्मियों को स्थायी करने की मांग की। ज्ञापन में कहा उत्तर प्रदेश के वाल्मीकि सफाई कर्मचारियों को सरकार द्वारा किसी भी तरह का लाभ नहीं मिल सका है। जिसके चलते 85 प्रतिशत लोग कर्जदार हो गए हैं। उम्मीद है कि यूपी केमुख्यमंत्री इस समस्या पर ध्यान देंगे और सरकार सफाई कर्मियों पर हो रहे शोषण को विराम देगी। ज्ञापन में कहा कि सफाई कर्मचारियों को तुरंत नियमित करने का कार्य किया जाए।ज्ञापन देने वालों में विशाल, पवन वाल्मीकि, कृष्णा वाल्मीकि, राजा, गगन कुमार, संजय, राजन वाल्मीकि , यश सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# संत नामदेव की स्मृति में वार्षिक अधिवेशन संपन्न

» संवाददाता

नजीबाबाद। श्री नामदेव कमेटी नजीबाबाद की ओर से संत शिरोमणि श्री 1008 महर्षि श्री नामदेव जी महाराज की स्मृति में 49वां वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया, हवन पूजन के साथ झंडा शोभायात्रा भी निकाली। सोमवार को मोहल्ला मुगलूशाह स्थित श्री नामदेव धर्मशाला एवं शिव मंदिर में संत शिरोमणि श्री 1008 महर्षि श्री नामदेव जी महाराज की स्मृति में 49वां वार्षिक अधिवेशन श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8:00 बजे पंडित शिवकुमार कर्णवाल ने हवन-पूजन कराया। हवन यज्ञ में आहुति देकर विश्व शांति की कामना की। वेद प्रकाश मोहम्मदपुर देवमल की अध्यक्षता व मदन गोपाल टांक व प्रशांत कुमार के संयुक्त संचालन मे आयोजित कार्यक्रम में कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। कार्यक्रम में अनिल बेदी देहरादून, राकेश आर्य देहरादून, नकुड़ नामदेव कमेटी अध्यक्ष सुरेश कुमार नामदेव, कुंवर पाल सिंह लक्सर, महेंद्र कुमार नामदेव गंगोह, बृजेश कुमार मेरठ, मनोज कुमार टांक, रक्षा नामदेव सहारनपुर, भाजपा उपाध्यक्ष रजनीश नामदेव शामली, कुलदीप वर्मा देहरादून, दिनेश नामदेव, शालू वर्मा नामदेव, नीतू बेदी, रोहिल्ला टांक क्षत्रिय महासभा दिल्ली से प्रधान दयानंद रोहिल्ला, महासचिव राजबीर रोहिल्ला, कोषाध्यक्ष ईश्वर सिंह रुहेला, सदस्य चंद्र प्रकाश आदि मौजूद रहे। झंडे की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। प्रकाशदीप जोली ने झंडे की बोली लगाकर झंडा उठाने का सौभाग्य प्राप्त किया।

# डीएम की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

» संवाददाता

मेरठ। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक ने लंबित ऋण आवेदनों पर असंतोष व्यक्त किया।

परियोजना प्रभारी यूपीनेडा मेरठ द्वारा अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 का कुल लक्ष्य 11250 घरों में सोलर रुफटॉप लगाए जाने का है, जिसके सापेक्ष प्रतिमाह न्यूनतम 938 घरों में सोलर सिस्टम की स्थापना कराया जाना है। वर्तमान तक इस योजनान्तर्गत 17165 व्यक्तियों द्वारा आवेदन किया गया है, जिसके सापेक्ष 9819 घरों में सोलर रुफटॉप की स्थापना का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। जिस पर भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा रु0 1,08,000/- प्रति घर की दर से अनुदान स्वरुप कुल (रु0 एक अरब छ करोड पैंतालीस लाख मात्र) अनुदान के रुप में अवमुक्त कर दिया गया है। उक्त योजना मार्च 2027 तक संचालित है।



डीएम ने विभिन्न बैंकों में लम्बित ऋण आवेदनों पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए गए कि पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मासिक रुप से, सीडीओ एवं एलडीएम मेरठ की अध्यक्षता में साप्ताहिक रुप से बैठक करें सहयोग न करने वाले बैंक के विरुद्ध एस. एल.बी.सी को सूचित करें। प्रभारी यूपीनेडा को निर्देशित किया गया कि यूपीनेडा पोर्टल एवं जन-समर्थ पोर्टल पर प्रदर्षित ऋण आवेदन की संख्या के अन्तर के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

वेण्डर्स शगुन सोनकर द्वारा बताया गया कि भारतीय स्टेट बैंक द्वारा मार्जिन मनी के साथ ऋण धनराशि अवमुक्त नहीं की जा रही है। इस पर उपस्थित ए.एल.डी.एम द्वारा संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित को मार्जिन मनी के साथ ऋण धनराशि अवमुक्त करने के निर्देष दिए गए, साथ ही उनके द्वारा अनुरोध किया गया कि ऋण अवमुक्त होने के बाद उपभोक्ता का सेविंग अकाउंट सम्बन्धित बैंक शाखा को अवष्य शेयर करें। इसी क्रम में वेण्डर्स वैश्नवी एन्टरप्राईसेज द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत विभाग से इन्डेन्ट जारी हो जाने के बाद भी काफी समय तक नेटमीटरिंग नहीं की जा रही है जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियन्ता विद्युत नियमतः निर्धारित सात कार्य दिवसों में नेटमीटरिंग की कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें साथ ही वैश्नवी एन्टरप्राईसेज द्वारा प्रस्तुत चार इन्डेन्ट के सापेक्ष कार्यवाही पूर्ण करते हुए परीक्षण कराकर आगामी तीन दिन में आख्या प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

## सात ताल टूर्नामेंट में लिए ऋषभ क्रिकेट एकेडमी में हुए टीम का चयन

» संवाददाता

मेरठ। नैनीताल के सात ताल में 30 मई से एडवेंचर क्रिकेट कप का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट में ऋषभ क्रिकेट एकेडमी, गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी से भी कई वर्ग में टीम प्रतिभाग करेंगी। सोमवार को क्रिकेट कोच अतहर अली के द्वारा टीम का चयन किया गया। आयोजन सचिव आफताब सैफी ने बताया कि इस टूर्नामेंट में दिल्ली, हैदराबाद, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों से टीम प्रतिभाग कर रही हैं। मेरठ से गुरु तेग बहादुर स्कूल हॉस्टल क्रिकेट एकेडमी से युग, अक्ष, प्रत्यक्ष, रियांश, वंशिका, अक्षय, सागर प्रतिभाग करेंगे। ऋषभ किकेट एकेडमी से दक्ष, दीपांशु, विराट, ओम, आदित्य, अरनव कुमार, धर्य, मन्नू, भाविक, अजीम, कार्तिक टीम में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान टीम मैनेजर रजनी, कोच आरिश, खुशबू, रोहित, हिमांशु, अंकुर आदि टीम के साथ रहेंगे। अतहर अली ने बताया कि टीम बस के द्वारा 29 को गुरु तेगबहादुर क्रिकेट एकेडमी व ऋषभ किकेट एकेडमी से रवाना होगी।

## विदाई समारोह में छात्र-छात्राओं ने बांधी यादों की डोर



» संवाददाता

मेरठ। सीसीएसयू के इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस स्टडीज में पासिंग आउट बैच के विद्यार्थियों के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, गीत-संगीत एवं विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से अपने कॉलेज जीवन की यादों को साझा किया। समारोह का वातावरण उत्साह, भावनाओं और उमंग से परिपूर्ण रहा।

कार्यक्रम में मिस्टर फेयरवेल का खिताब ऋषभ कुमार तथा मिस फेयरवेल का खिताब अक्शी त्यागी को प्रदान किया गया। दोनों विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा, व्यक्तित्व एवं उत्कृष्ट सहभागिता के लिए सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर अतवीर सिंह ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद देते हुए कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन में अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें तथा संस्थान का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राहुल शर्मा ने पासिंग आउट बैच को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जहां भी जाएं, अपने ज्ञान, संस्कार एवं मेहनत से नई पहचान स्थापित करें।

## 'मां' का जीवंत मंचन देख दर्शकों की आंखें हुईं नम

» संवाददाता

मेरठ। प्रांतीय नौचंदी मेला पटेल मंडप में सोमवार शाम देशभक्ति, त्याग और मातृत्व की भावनाओं से ओतप्रोत वातावरण देखने को मिला। मुंशी प्रेमचंद की कालजयी कहानी 'मां' का सशक्त नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया। जिस देख दर्शकों की आंखें नम हो गईं। रंगकर्मी सीमा मोदी और नवनीत मिश्रा ने अपने अभिनय से समां बाध दिया। देशप्रेम के आगे बौना साबित हुआ पुत्र मोह नाटक में नारी सशक्तीकरण और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रस्तुत किया। मंचन में दिखाया कि किस प्रकार एक भारतीय मां अपने स्वतंत्रता सेनानी पति को दिए वचन और देशहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने पुत्र मोह का भी त्याग कर देती है। मुख्य किरदार 'सावित्री' के बलिदान ने दर्शकों को भावुक कर दिया। मुख्य भूमिका 'सावित्री' का अभिनय वरिष्ठ रंगकर्मी सीमा मोदी ने किया। क्रांतिकारी की भूमिका में नवनीत मिश्रा ने प्रस्तुति देकर राष्ट्रभक्ति का जज्बा जगाया। सिद्धार्थ मौर्या, शिवम, आरती और सुब्रत त्रिपाठी सहित अन्य कलाकारों ने भी स्वतंत्रता संग्राम के दौर को मंच पर जीवंत कर दिया। नाटक का नाट्य रूपांतरण वरिष्ठ लेखक के. के. अग्रवाल ने किया, जबकि निर्देशन की कमान सीमा मोदी ने संभाली। मंच सज्जा अभिषेक शर्मा ने तैयार की।

## मृत्युभोज प्रथा खत्म करने का लिया संकल्प

» संवाददाता

मेरठ। नई सामाजिक चेतना जागृत करने के उद्देश्य से सोमवार को मवाना में एक प्रेरणादायी पहल देखने को मिली। हस्तिनापुर रोड स्थित गोवर्धन एन्क्लेव निवासी एवं नवजीवन किसान इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रवक्ता व शिक्षाविद मास्टर बिशम्बर सिंह के निधन पर आयोजित शोक सभा में सर्वसमाज के लोगों ने मृत्युभोज न करने का संकल्प लिया। हाल ही में बीमारी के चलते 90 वर्षीय मास्टर बिशम्बर सिंह का निधन हो गया था। सोमवार को उनके आवास पर सादगीपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की विशेषता यह रही कि किसी भी प्रकार का भोज आयोजित नहीं किया गया। उपस्थित लोगों ने इसे समाज के लिए सकारात्मक और अनुकरणीय संदेश बताया। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने मास्टर बिशम्बर सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षक जीवन में अनुशासन, सादगी और आदर्श मूल्यों को हमेशा सर्वोपरि रखा। सभा के दौरान वक्ताओं ने मृत्युभोज प्रथा को समाज के लिए अभिशाप बताते हुए पूरी तरह समाप्त करने का आह्वान किया। आचार्य वीरेंद्र विक्रम शास्त्री, आचार्य कंवरपाल शास्त्री, रिटायर प्रवक्ता वेदपाल शास्त्री, मनिंदर पाल चौधरी, डॉ. योगेश, संदीप प्रधान, योगेश वर्मा, सैयद रिहानुद्दीन, विनोद, विश्वास, संयुक्त, भोपाल सिंह, कर्मवीर, डॉ. कृष्णपाल, प्रवीण, मोनू, सुभाष प्र, नरेश, प्रमोद, संत, वेद प्रकाश आदि रहे।

## शिविर में कैडेट्स को सैन्य व व्यक्तित्व विकास का दिया प्रशिक्षण

» संवाददाता

मेरठ। कृषक इंटर कॉलेज में 73 यूपी बटालियन एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन कैडेट्स को विभिन्न सैन्य एवं व्यक्तित्व विकास संबंधी प्रशिक्षण दिए गए। शिविर में ड्रिल अभ्यास, रेंज प्रोसीजर, ग्रिड सिस्टम, मैप सेटिंग, फील्ड सिग्नल तथा अन्य सैन्य गतिविधियों का अभ्यास कराया गया। मेजर तनुज कुमार ने व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान देते हुए अनुशासन, सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन एवं आत्मविश्वास को सफल व्यक्तित्व की आधारशिला बताया।

## बिजली संकट को लेकर आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन

» संवाददाता

मेरठ। जिलेभर में बिजली संकट को लेकर आम आदमी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सोमवार को कमिश्नरी पार्क में एकत्रित हुए। वहां से जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे। बिजली कटौती को लेकर पार्टी के जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जिलेभर में आठ से दस घंटे तक लगातार हो रही बिजली कटौती से भीषण गर्मी में आम की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता देश की सबसे महंगी बिजली खरीद रही है, लेकिन उसके बावजूद भी लोगों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। शहर से लेकर देहात तक जनता बिजली संकट से त्रस्त है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं की पुलिस से नोकझोक भी हुई। बाद में राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा और बिजली आपूर्ति में सुधार कराने की मांग की दूसरी ओर, संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने बिजली कटौती से प्रभावित हो रहे व्यापार को लेकर बिजली अधिकारियों से बात कर नाराजगी जताई। एमडी पीवीवीएनएल रवीश गुप्ता को बिजली की स्थिति से अवगत कराया। बार-बार कटौती से व्यापार ठप हो रहा है। जेनरेटर, इनवर्टर का खर्च बढ़ गया है। व्यापारियों का धैर्य जवाब दे चुका है। बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं होने पर व्यापारी अधिकारियों का घेराव करते हुए आंदोलनात्मक कदम उठाने को मजबूर होंगे।

# स्वामी विवेकानंद शोध पीठ को मिला पहला कॉपीराइट

» संवाददाता

मेरठ। ज्ञान, शोध, भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों को समर्पित, स्वामी विवेकानंद शोध पीठ, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के लिए यह अत्यंत गौरवपूर्ण, ऐतिहासिक और प्रेरणादायी क्षण है कि स्वामी विवेकानंद शोध पीठ को उसकी बहुप्रशंसित पुस्तक "कोर वैल्यूज ऑफ़ स्वामी विवेकानंद फिलॉसफी" का पहला कॉपीराइट प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय परिवार के लिए सम्मान का विषय है, बल्कि शिक्षा, शोध, भारतीय दर्शन एवं आध्यात्मिक मूल्यों के क्षेत्र में कार्य कर रहे सभी शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई है। यह कॉपीराइट शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध के प्रति प्रतिबद्धता और भारतीय विचारधारा के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का प्रतीक है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस उपलब्धि को शिक्षा जगत में एक नई दिशा प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि भारतीय संस्कृति एवं दर्शन पर आधारित शोध कार्य आज वैश्विक स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रहे हैं। "कोर वैल्यूज ऑफ़ स्वामी विवेकानंद फिलॉसफी" पुस्तक में स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी विचारों, उनके आदर्शों, नैतिक मूल्यों, मानव सेवा, राष्ट्र निर्माण, युवा चेतना एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण को आधुनिक संदर्भों के साथ अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। यह पुस्तक विशेष रूप से युवाओं, शोधार्थियों, शिक्षकों और समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी। पुस्तक में यह दर्शाया गया है कि किस प्रकार स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं को आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता, अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देते हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में स्वामी विवेकानंद शोध पीठ की प्रोफेसर एवं संयोजिका प्रो. (डॉ.) मोनिका मेहरोत्रा का विशेष योगदान रहा है।



## 'अच्छे कर्मों के माध्यम से मिल जा सकता है भगवान'

» संवाददाता

मेरठ। श्री दिगम्बर जैन प्राचीन बड़ा मंदिर में चल रहे 40 दिवसीय श्री शांतिनाथ विधान के पांचवें दिन श्रद्धालुओं ने भगवान का अभिषेक व शांतिधारा की। भगवान की शांतिधारा श्यामलाल जैन, प्रवीण जैन आदि ने की। आचार्य भाव भूषण महाराज ने कहा कि मुनि हमेशा भक्तों को अच्छे उपदेश देता है। जिससे जीव के उज्ज्वल जीवन का मार्ग प्रशस्त होता है। मुनि श्री ने कहा कि मनुष्य को अच्छे कर्म करने चाहिए। अच्छे कर्मों के माध्यम से ही भगवान से मिला जा सकता है। कर्म करना व अपने कर्म में सफलता हासिल करना मनुष्य की कुंजी है। पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं का तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनंदन किया।

# घोड़ा गाड़ी पर चढ़कर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने महंगाई के खिलाफ जताया विरोध

## पेट्रोल-डीजल और नीट पेपर लीक पर भाजपा सरकार को घेरा

» एजेंसी। गुरुग्राम

पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस व अन्य वस्तुओं की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी और नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर शनिवार को यहां कांग्रेस ने अनोखा प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में घोड़ा गाड़ी पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन किया गया। लघु सचिवालय में एसडीएम हितेंद्र शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से इस विरोध मार्च में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की अगुवाई प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने की। ताऊ देवीलाल स्टेडियम द्वार से शुरू हुआ यह प्रदर्शन लघु सचिवालय तक पहुंचा। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने घोड़ा गाड़ी पर बैठकर यह संदेश दिया कि पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की जिंदगी को पीछे धकेल दिया है। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस अवसर पर राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। एक तरफ जनता महंगाई से परेशान है, वहीं दूसरी तरफ युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।




उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों ने आम परिवार की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। भाजपा सरकार जनता को राहत देने के बजाय लगातार आर्थिक बोझ बढ़ा रही है। दूसरी ओर नीट पेपर लीक जैसे मामलों ने देश के मेहनती युवाओं का विश्वास तोड़ा है। सरकार न महंगाई रोक पा रही है और न ही परीक्षा प्रणाली मंत पारदर्शिता बनाए रख पा रही है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज बनकर सड़कों पर संघर्ष करती रहेगी और महंगाई व भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण वर्धन यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से हर वर्ग परेशान है। प्रदर्शन में पीसीसी सदस्य पंकज भारद्वाज, अनुसूचित विभाग उपाध्यक्ष अनिल धानक, पीसीसी सदस्य कुलराज कटारिया, अधिवक्ता चौधरी संतोख सिंह, नगर निगम मेयर प्रत्याशी नीरज यादव, राहुल जैलदार, संदीप यादव, भीम सोनी, नरबीर नेहरा, आशीष धनखड़, शिव बोकेन, विशेष यादव आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### एसवीएसयू पलवल के 94 विद्यार्थियों का सपना साकार

» एजेंसी। पलवल

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के 94 विद्यार्थियों का सपना साकार हो गया। कोर्स पूरा होने से पहले ही रोजगार मिलने पर विद्यार्थी फूले नहीं समा रहे। कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने इन विद्यार्थियों को ऑफर लैटर सौंपे और उन्हें बेहतरीन करियर की बधाई दी। उन्होंने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय कौशल विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कई अच्छी और नामचीन कंपनी विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट के लिए आ रही हैं। कुछ ऐसे फील्ड हैं, जहां स्किल्ड लोग नहीं मिल रहे हैं। इंडस्ट्री में इतनी मांग है हम उसे पूरी नहीं कर पा रहे। कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों से कुशलता से कार्य करने का आह्वान किया और साथ-साथ अपनी अकादमिक प्रगति के लिए प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों की प्लेसमेंट के लिए उन्होंने इंडस्ट्री रिलेशन्स एंड एलुमनी अफेयर्स डिपार्टमेंट (इरा) की निदेशक चंचल भारद्वाज को बधाई दी।

### समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी 4 शिकायतें

» एजेंसी। गुरुग्राम

समाधान शिविर में एसडीएम हितेंद्र कुमार ने आमजन की 4 शिकायतों की सुनवाई की। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में उनका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखीं, जिनमें राजस्व, नगर निकाय, बिजली, जल निकासी एवं अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी शिकायतें शामिल रहीं। एसडीएम ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें।

### सड़क हादसों में बाइकों पर सवार दो युवक घायल

» एजेंसी। गुरुग्राम

जिले में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया। पीड़ितों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने राजेंद्रा पार्क थाने और सेक्टर-5 थाने में सड़क हादसे संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामलों की छानबीन कर रही है।

## शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 72 लाख की ठगी, तीन गिरफ्तार

» एजेंसी। फरीदाबाद

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर थाना सेंट्रल पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान उत्तरप्रदेश निवासी संजीव(36), आसिफ(30) व जावेद(40) के रुप में हुई है। आरोपियों को शनिवार अदालत में पेश कर पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार सेक्टर-81, फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में शिकायत दर्ज करवाई कि पिछले दिनों उसके व्हाट्सएप पर शेयर मार्केट में निवेश से संबंधित एक मैसेज प्राप्त हुआ फिर उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जहां निवेश से संबंधित जानकारी दी जाती थी। ठगों द्वारा उसे एक एप का लिंक भेजकर खाता खुलवाया गया तथा अधिक लाभ का लालच देकर निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया। पीड़ित ने ठगों द्वारा बताए गए विभिन्न बैंक खातों में कुल 72 लाख 74 हजार 882 रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उसने अपनी राशि निकालने के प्रयास किया तो उससे और पैसे जमा करने की मांग की गई। ठगी का एहसास होने पर पीडित ने साइबर थाना सैंट्रल में शिकायत दर्ज करवाई, जिस पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि संजीव का एस.के इंटरप्राइजेज नाम से फर्म का खाता है, जिसने अपनी फर्म का खाता आसिफ व जावेद को दिया था। फर्म के खाते में ठगी के पांच लाख रुपये आये थे। संजीव ग्रेजुएट, आसिफ 8वीं व जावेद 9वीं पास है। संजीव का खुद का सीएससी सेंटर है वहीं आसिफ व जावेद कपडे की दुकान पर काम करते है।



### मार्शल आर्ट बेल्ट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया

» एजेंसी। फरीदाबाद

बल्लभगढ़ स्थित आरटूएफ मॉर्शल आर्ट एकेडमी में सोमवार को बेल्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया। एकेडमी के महासचिव शियान दुष्यंत सैनी और दिवाकर सैनी ने खिलाड़ियों का बेल्ट टेस्ट लिया। कोच वंश सैनी ने बताया कि प्रतियोगिता में यश सैनी अटाली, राहित, दीपा पांचाल, तन्नु धनखड़ और हिमांशी नरवत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्लैक बेल्ट हासिल की। वहीं देवांश पांडे, मृगया मोदी, काव्यांश सोलंकी और युवराज ने ऑरेंज बेल्ट प्राप्त की। इसके अलावा शिवांश, दक्ष, दक्ष सैनी और ताबिश खान ने येलो बेल्ट हासिल कर अपनी प्रतिभा साबित की। इस अवसर पर शियान दुष्यंत सैनी और दिवाकर सैनी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए और अनुशासन को जीवन में अपनाना चाहिए।

## स्वास्थ्य विभाग निदेशक ने किया अस्पतालों का निरीक्षण, गुणवत्ता सुधार के दिए दिशा-निर्देश

» एजेंसी। फरीदाबाद

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के निदेशक (स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. ब्रह्म दीप ने सोमवार को जिला फरीदाबाद का दौरा कर विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं की कार्यप्रणाली, क्रियान्वयन एवं निगरानी व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिविल अस्पताल फरीदाबाद, सेक्टर-3 स्थित एफआरयू-2 तथा एसडीसीएच बल्लभगढ़ का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। सिविल अस्पताल फरीदाबाद में डॉ. ब्रह्म दीप ने आयुष्मान भारत योजना के तहत दी जा रही सुविधाओं, माइनर ऑपरेशन थिएटर, कैजुअल्टी तथा विभिन्न स्वास्थ्य कर्मियों के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अपने व्यापक अनुभव के आधार पर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा गुणवत्ता मानकों के अनुरूप व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों की आयुष्मान भारत योजना के तहत स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के पात्र लाभार्थियों को योजना का पूरा लाभ मिल सके। सेक्टर-3 स्थित एफआरयू-2 के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सुविधा केंद्र का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा अधिक से अधिक मरीजों का उपचार वहीं किया जाए, जिससे जिले की अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं पर पडने वाले भार को कम किया जा सके। एसडीसीएच बल्लभगढ़ के दौरे के दौरान डॉ. ब्रह्म दीप ने अस्पताल प्रबंधन को सक्रिय रूप से कार्य करने तथा वहां तैनात समस्त स्टाफ को बेहतर समन्वय के साथ मरीजों को अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सीआरएचएसपी बल्लभगढ़ के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष के साथ तालमेल बनाकर स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने पर भी जोर दिया।

### निगम में सफाई वाहनों की जांच को लेकर विवाद

मानेसर। मानेसर नगर निगम क्षेत्र में सफाई कार्य में लगे वाहनों की जांच को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। सीनियर डिप्टी मेयर प्रवीण यादव ने पूरी जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि जांच के नाम पर इसे पारदर्शी तरीके से करने के बजाय सोशल मीडिया और प्रचार का माध्यम बना दिया गया। प्रवीण यादव ने कहा कि नगर निगम आयुक्त द्वारा वाहनों की जांच के लिए एक कमेटी गठित की गई थी, लेकिन मौके पर कमेटी के बजाय मेयर डॉ. इंद्रजीत कौर यादव और उनके समर्थक करीब 200 लोगों के साथ पहुंच गए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दौरान किसी को भी अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया गया और जांच प्रक्रिया को प्रभावित किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि निरीक्षण के दौरान उनके साथ और निगम अधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया और धमकी भी दी गई। उनका कहना है कि जांच का उद्देश्य केवल कमियों को उजागर करना नहीं बल्कि रिपोर्ट तैयार कर आयुक्त को सौंपना था, लेकिन पूरी प्रक्रिया को सही ढंग से पूरा नहीं होने दिया गया।

## बुजुर्ग व छोटे बच्चे जिन वाहनों में बैठे हों, उन्हें बेवजह न रोकें : डीसीपी

» एजेंसी। गुरुग्राम

पुलिस उपायुक्त यातायात प्रतीक गहलोत की ओर से सोमवार को जनरल परेड का आयोजन किया गया। इसमें यातायात पुलिस में तैनात लगभग 152 पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। परेड के दौरान पुलिस उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस उपायुक्त यातायात प्रतीक गहलोत ने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वाहन चेकिंग के दौरान उन वाहनों को अनावश्यक रूप से न रोके जिनमें वरिष्ठ नागरिक व छोटे बच्चे मौजूद हों। उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े व ड्रिंक एंड ड्राईव के नाके के दौरान गहनता से चेकिंग करके नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाए। इससे रात में भी आमजन की सुरक्षा और अधिक सुनिश्चित की जा सके। पुलिस उपायुक्त यातायात ने सभी यातायात निरीक्षक, जोनल अधिकारियों व अन्य कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शहर में किसी भी स्थान पर यातायात जाम की स्थिति उत्पन्न न होने दी जाए। विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, मुख्य मार्गों, बाजारों एवं चौराहों पर लगातार निगरानी रखते हुए यातायात संचालन को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि सभी कर्मचारी ड्यूटी के दौरान साफ-सुथरी वर्दी पहने, अनुशासित रहे तथा आमजन के साथ विनम्र व्यवहार करे।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय : म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103(उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक : रंजीत सिंह आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844